सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२
सत्र:2026-27

कक्षा:-6 विषय: हिंदी व्याकरण पाठ: अविकारी शब्द

विषय: अविकारी शब्द (अव्यय)

प्रश्न 1. अविकारी शब्द की परिभाषा लिखिए

प्रश्न 2. अविकारी शब्द के चार भेदों के नाम लिखिए

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में अविकारी शब्द पहचानिए।

* राम धीरे-धीरे चलता है।

* मोहन और सोहन बाजार गए।

* बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।

* तुम यहाँ बैठो।

* मैं स्कूल नहीं गया क्योंकि मेरी तबीयत खराब थी।

* वह बहुत तेज दौड़ता है।

* वाह! कितना सुंदर दृश्य है!

* रीना भी मेरे साथ जाएगी।

* वह घर से निकला।

* अरे! तुम यहाँ कैसे?

प्रश्न 4. रिक्त स्थानों में उचित अविकारी शब्द भरिए।

(और, लेकिन, धीरे-धीरे, वाह, वहाँ, क्योंकि)

* राम _____ श्याम अच्छे मित्र हैं।

* वह _____ चलता है।

* _____! तुमने बहुत अच्छा काम किया।

* मैं विद्यालय नहीं गया _____ मैं बीमार था।

* तुम _____ जाकर बैठो।

* वह गरीब है _____ ईमानदार है।

प्रश्न 5. सही विकल्प चुनिए।

1. जो शब्द लिंग, वचन, पुरुष आदि के कारण नहीं बदलते, उन्हें कहते हैं—

* (क) संज्ञा
* (ख) सर्वनाम
* (ग) अविकारी शब्द
* (घ) विशेषण

2. 'वाह!' कौन-सा अविकारी शब्द है?

* (क) क्रियाविशेषण
* (ख) विस्मयादिबोधक
* (ग) संबंधबोधक
* (घ) समुच्चयबोधक

3. 'राम और मोहन आए।' वाक्य में 'और' है—

* (क) संबंधबोधक
* (ख) क्रियाविशेषण
* (ग) समुच्चयबोधक
*(घ) विस्मयादिबोधक

4.'वह धीरे चलता है।' वाक्य में 'धीरे' है—

* (क) क्रियाविशेषण
* (ख) संज्ञा
* (ग) संबंधबोधक
* (घ) सर्वनाम

5. 'मेज के ऊपर पुस्तक रखी है।' वाक्य में 'ऊपर' है—

* (क) समुच्चयबोधक
* (ख) संबंधबोधक
* (ग) विस्मयादिबोधक

* (घ) क्रियाविशेषण

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में अविकारी शब्दों को रेखांकित कीजिए।

* बच्चे बाहर खेल रहे हैं।

* सीता तथा गीता बाजार गईं।

* अरे! यह क्या हो गया?

* वह बहुत सुंदर गाती है।

* पुस्तक मेज के नीचे रखी है।